# शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय

पुलिस मुख्यालय के पीछे, मालवीय छात्रावास, जहांगीराबाद
भोपाल (म0प्र0)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## प्रतिवेदन वर्ष 2019–20

# सात दिवसीय विषेष षिविर

ग्राम – ग्राम कलखेड़ा नीलबड़ रोड जिला भोपाल
(27 फरवरी 2020 से 04 मार्च 2020)

| 000– आयोजक – 000 |
|---|

प्रभारी प्राचार्य
डॉ. राजीव चौबे

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. संगीता गौर
डॉ. बिन्दु महावर

# सात दिवसीय विशेष शिविर

## *ग्राम – ग्राम कलखेड़ा नीलबड़ रोड जिला भोपाल*

## (27 फरवरी 2020 से 04 मार्च 2020)

### ➤ शिविर का उद्देश्यः–

इस वर्ष में ''स्वास्थ्य – जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य'' के आधार पर जुलाई माह से ही छात्रों को जागरूक किया गया । दैनिक गतिविधियों में भी उक्त विषय पर उनका ध्यान केंद्रित किया गया । साथ ही विषेष षिविर में ग्रामीणों के स्वस्थ्य रहने हेतु व्यक्तिगत एवं अपने आस–पास के परिवेष को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित करना ही लक्ष्य रखा गया ।

### ➤ शिविर स्थल का चयनः–

महाविद्यालय से लगभग 18 कि.मी. दूर नीलबड़ रोड पर नीलबढ़ से लगा हुए ग्राम कलखेड़ा स्थान का चयन किया गया । 10 षिविर के स्थल के चयन में स्वच्छ पर्यावरण, प्राकृतिक वातावरण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देष्य के अनुसार ग्रामीण परिवेष से स्वयं सेवको को परिचित कराने के उद्देष्य से स्थल का चयन उपयुक्त था ।

### ➤ शिविर कार्यक्रम की पूर्व योजनाः–

**षिविर लगाने से पूर्व निम्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व योजना बनाई गई –**

1. बस्ती के लोगों को स्वास्थ के साथ–साथ व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता की आवष्यकता एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता हेतु प्रयास।
2. नषा मुक्ति हेतु सघन प्रयास।
3. बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु सुझाव एवं प्रषिक्षण ।
4. जल संरक्षण एवं वनों पर मानव की निर्भरता को पुनः स्मरण कराना ।
5. एड्स जागरूकता कार्यक्रम ।
6. बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण का प्रषिक्षण ।
7. वित्तीय साक्षरता पर जागरूक करना ।

8. राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं–सेवकों को ग्रामीण जनजीवन एवं अल्प सुविधाओं में जीवन यापन, काठोर श्रम के ढंग से परिचय कराना ।
9. ग्राम अथवा लोक जीवन के सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप से परिचय ।

## तिथिवार कार्य विवरण

➢ **शिविर का उद्धाटनोत्सवः–**

**दिनांक 27.02.2020–**

महाविद्यालय से षिविर स्थल के लिए प्रस्थान किया गया । षिविर पहुंचकर षिविर स्थल की साफ–सफाई तत्पष्चात् कार्यक्रम अधिकारियों एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव चौबे द्वारा षिविर का ''औपचारिक उद्घाटन'' किया गया । इसके बाद भोजन व्यवस्था कर सभी दलों का विभाजन व सभी को षिविर दिनचर्या से अवगत कराया ।

**दिनांक 28.02.2020:–**

**परियोजना कार्य –** द्वितीय दिवस षिविर प्रातः जागरण गीत से प्रारंभ हुआ । इसके पश्चात् परियोजना कार्य में षिविर परिसर की साफ–सफाई की गई ।

**बौद्धिक चर्चा–** बौद्धिक चर्चा के समय महाविद्यालय की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कल्पना मिश्रा एवं डॉ. कलावती कोरी पधारी । जिनका प्रेरणाप्रद उद्बोधन सभी स्वयंसेवकों के लिए मार्गदर्षक रहा । डॉ. कल्पना मिश्रा ने स्वयं सेवकों के समक्ष एनएसएस के महत्व पर प्रकाष डाला और स्वयंसवेकों समझाया गया कि किस तरह एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा की जा सकती है । तत्पष्चात् डॉ. कलावती कोरी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के विषेष षिविर की दिनचर्या से अवगत करवाया एवं उसके अनुपालन हेतु प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. आर.एस नरवरिया द्वारा एन.एस.एस के महत्व पर प्रकाष डाला गया ।

**दिनांक 29.02.2020:–**

**परियोजना कार्य –** तृतीय दिवस परियोजना कार्य में कलखेड़ा ग्राम के माध्यमिक शाला के खेल मैदान की साफ–सफाई की गई एवं शाला के विद्यार्थियों को साफ–सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं षिक्षा के महत्व को बताया गया एवं उनके मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और सक्रिय छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत किया गया ।

**बौद्धिक चर्चा–** इस दिन बौद्धिक चर्चा में श्री प्रषांत दुबे एवं श्रीमती रोली षिवहरे पधारी उन्होंने बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों एवं बाल अधिकारों से स्वयं सेवकों को अवगत कराया ।

**दिनांक 01.03.2020:–**

**परियोजना कार्य –** चतुर्थ दिवस पर परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम कलखेड़ा के आंगनबाड़ी में छात्रों द्वारा क्यारियां बनाई गई एवं सौंदर्यीकरण किया गया । ग्राम में ग्रामीणजनों से जनसंपर्क किया गया एवं व्यापक सफाई अभियान चलाया गया ।

**बौद्धिक चर्चा–** बौद्धिक चर्चा के समय स्वयं–सेवकों को ''प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाये'' इस विषय पर व्याख्यान हेतु हिन्दी विष्वविद्यालय कुलसचिव, डॉ. विजय सिंह एवं विषेष अतिथि के रूप में डॉ. पूर्णिमा लोदवाल ओएसडी, उच्च षिक्षा विभाग उपस्थित रही और उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी हेतु विभिन्न मौलिक सुझाव प्रदान किये साथ ही डॉ. पूर्णिमा लोदवाल ने एन.एस.एस के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाष डाला ।

**दिनांक 02.03.2020:–**

**परियोजना कार्य –** षिविर के पंचम दिवस पर परियोजना कार्य के समय स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर एड्स जागरूक एवं नषा–मुक्ति, स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक किया एवं ग्रामीणजनों को इन जानलेवा बिमारियों के प्रति जागरूक किया । ग्रामीणजनों को संकल्प दिलाया गया कि वह भविष्य में कभी ''नषा''नहीं करेंगे एवं पंचायत कार्यालय में पौधा रोपण हेतु जमीन तैयार कर क्यारियां बनाई गई ।

षिविर पंचम दिन परियोजना कार्य के अंतर्गत षिविर परिसर की साफ–सफाई की गई । ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई । स्वयंसेवकों द्वारा हरियाली सेवा समिति के माध्यम से कलखेड़ा ग्राम के पंचायत कार्यालय एवं आंगनबाड़ी में वृक्षारोपण किया ।

**बौद्धिक चर्चा–** वित्तीय सारक्षरता दिवस पर आरबीआई के श्री सौरभ दुबे पधारे एवं आरबीआई की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया । बौद्धिक चर्चा के बाद वाणिज्य विषय की प्राध्यापक डॉ. रीता सचदेव उपस्थित हुई एवं उन्होंने समाज सेवा से व्यक्तित्व विकास पर अपना उद्बोधन दिया और छात्रों को बौद्धिक खेल खिलवाये एवं पुरस्कार वितरित किये ।

**दिनांक 03.03.2020:–**

**परियोजना कार्य –** षिविर के छंठवे दिन परियोजना कार्य के अंतर्गत षिविर परिसर की साफ–सफाई की गई । ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई । कलखेड़ा ग्राम की माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को लिए बीज बैंक का गठन उपयोगिता व पर्यावरण सरंक्षण में महत्व बताया ।

**बौद्धिक चर्चा–** बौद्धिक चर्चा के समय अंग्रेजी विषय की प्राध्यापक डॉ. कल्पना झा उपस्थित हुई एवं उन्होंने छात्रों को सम्प्रेषण क्षमता (म्दहसपी ब्वउउनदपबंजपवद ैापसस) विषय पर उपयोगी व्याख्यान के माध्यम से अंग्रेजी विषय का महत्व समझाया । बौद्धिक चर्चा के समय कीड़ाधिकारी डॉ. रष्मि केला होलानी उपस्थित रही एवं उन्होंने छात्रों को खेल का महत्व बताया एवं स्वास्थ पर उसके प्रभाव से अवगत करवाया ।

## ➤ गठित की गई समितियां:–

1. परियोजना कार्य समिति, रात्रि भोजन
2. भोजन एवं रसोई सहयोग समिति
3. अनुषासन एवं साफ–सफाई समिति
4. सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत समिति
5. संपादन एवं मूल्यांकन समिति
6. अनुशासन समिति.

**शिविर नायक – रूपेष कुमार वर्मा**

**शिविर सह नायक – सोनू दांगी**

**षिविर नायिका – रितिका जैन**

**षिविर सह नायिका – मनतषा**

➢ दिनांक 12.02.19 से 18.02.19 तक ग्रुपवार कार्य विभाजन चार्ट

| कार्य का विभाजन | | दिनांक / ग्रुप कमांक– कार्य विभाजन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | गठित समितियां | 27.02.2020 | 28.02.2020 | 29.02.2020 | 01.03.2020 | 02.03.2020 | 03.03.2020 |
| 1 | भोजन एव रसोई सहयोग | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 2 | अनुशासन एवं साफ–सफाई | 2 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | परियोजना कार्य एवं रात्रि भोजन | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 4 | सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत समिति | 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | संपादन एवं मूल्यांकन कार्य समिति | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

➢ समापन समारोहः–

समापन समारोह में षिविर नायिका एवं षिविर नायक ने षिविर के सभी दिवसों की दिनचर्या एवं गतिविधियों को समाहित करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । औपचारिक समापन समारोह के उपरांत सांस्कृतिक समारोह में विष्वविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना, बरकतउल्ला विष्वविद्यालय मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकरी श्री राहुल सिंह परिहार, युवा सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना, भोपाल उपस्थित रहे । जिन्होंने स्वयं सेवकों से षिविर के अनुभव जाने एवं प्राकृतिक वातावरण में सुविधा हीन जीवन शैली अपनाते हुए सफलतापूर्वक षिविर में सहभागिता हेतु कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. बिन्दु महावर एवं डॉ. संगीता गौर स्वयं सेवकों की भूरि–भूरि प्रषंसा की । विधिवत कैंप फायर प्राचार्य डॉ. राजीव चौबे द्वारा किया गया ।

स्वयं सेवको ने अतिथियों के समक्ष नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । अतिथियों द्वारा स्वयं सेवकों के षिविर की सहभागिता के प्रमाण–पत्र वितरित किए गए ।

दिनांक 04.03.2020 को स्वयं सेवकों ने परिसर की, अपने कक्षों की, सभी स्थल एवं भंडार गृह, रसोई गृह आदि की साफ–सफाई कर स्थल प्रभारी से निरीक्षण कराकर उनके संतुष्ट होने पर स्थल छोड़ा । उल्लेखनीय है कि षिविर में छात्रों की अनुषासन दिनचर्या एवं स्वच्छता से प्रभावित होकर स्थल प्रभारी माध्यमिक शाला प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि

उन्होंने भी इस षिविर से बहुत कुछ सीखा है । प्राचार्य एवं उनके विद्यार्थी ने भी पूरे षिविर दिवस में सक्रिय सहभागिता की ।

विषेष षिविर में ग्रामीण जीवन और प्राकृतिक वातावरण की सुखद स्मृतियों को समेट सभी छात्र अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना हो गए ।

——————0000——————

# शिविर में किए गए बौद्धिक कार्यों का विवरण

| दिनांक | बौद्धिक कार्यक्रम आगन्तुक | विवरण | लाभान्वित व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 27.02.2020 | डॉ. राजीव चौबे, प्राचार्य<br>श्रीमती मेहरूनिषा | दीप प्रज्जवल षिविरार्थियों को अनुषासन समय प्रबंधन, नेतृत्व सामंजस्य से षिविर में भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया । | 125 |
| 28.02.2020 | डॉ. कल्पना मिश्रा<br>डॉ. कलावती कोरी<br>डॉ. आर.एस नरवरिया | समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीस सेवा योजना के विषेष षिविर की दैनिक गतिविधियां । | 95 |
| 29.02.2020 | श्री प्रषांत दुबे<br>श्रीमती रोली षिवहरे | बच्चों के प्रति अपराधों और अधिकारों से अवगत कराया । | 100 |
| 01.03.2020 | डॉ. विजय सिंह<br>डॉ. पूर्णिमा लोदवाल<br>डॉ. विनिता मेवाड़ा । | प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करे पर व्याख्यान एवं मौलिक सुझाव ।<br>एनएसएस की जानकारी ।<br>एड्स जागरूकता पर जानकारी । | 85 |
| 02.03.2020 | श्री सौरभ दुबे<br>श्री षिवांग भागबड़िया<br>डॉ. रीता सचदेव | वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान एवं अनेक योजनाओं से अवगत कराया गया तथा डॉ. रीता सचदेव द्वारा बौद्धिक खेल खिलाये एवं समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया । | 167 |
| 03.03.2020 | डॉ. कल्पना झा | छात्रों को सम्प्रेषण क्षमता (म्दहसपी ब्वउउनदपबंजपवद ैापसस) विषय पर उपयोगी व्याख्यान के माध्यम से अंग्रेजी विषय का महत्व समझाया | 105 |
| 03.03.2020 | डॉ. रष्मि केला होलानी | छात्रों को खेल का महत्व बताया एवं स्वास्थ पर उसके प्रभाव से अवगत करवाया । | 135 |
| 03.03.2020 | कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना, बरकतउल्ला विष्वविद्यालय मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकरी श्री राहुल सिंह परिहार, युवा सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना | स्वयं सेवकों से षिविर के अनुभव जाने एवं प्राकृतिक वातावरण में सुविधा हीन जीवन शैली अपनाते हुए सफलतापूर्वक षिविर में सहभागिता हेतु बधाई दी । | 145 |
| 03.03.2020 | प्राचार्य डॉ. राजीव चौबे | विधिवत कैंप फायर किया गया । | 165 |
| 04.03.2020 | श्रीमती संगीता दास | हार्ट फुलनेस ध्यान प्रषिक्षक ने रेजूनेषन प्रक्रिया करवाई एवं छात्रों को मनोरंजक एक्टीविटी के माध्यम से ध्यान का प्रषिक्षण दिया । | 85 |

# शिविर

# की

# एक

# झलक

→

# टिप्पणियां